राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–2) विभाग

क्रमांकःप24(6)साप्र / 2 / 2014 जयपुर, दिनांक 1.10.2014

–:आदेशः–

इस कार्यालय के आदेश संख्या प.24(6)साप्र / 2 / 2014 दिनांक 29.9.2014 के द्वारा समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिवगण / प्रमुख शासन सचिवगण / शासन सचिवगण को सूचित किया गया है कि दिनांक 2 अक्टूबर, 2014 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ति के अवसर पर "स्वच्छ भारत की परिकल्पना "के लक्ष्य को अर्जित करने व इस हेतु जागरूकता बढाने के उद्देश्य से दिनांक 2 अक्टूबर, 2014 को सभी राजकीय कार्यालय प्रातः कार्यालय समय से अपरान्ह 1:35 बजे तक खुले रखे जायेगें एवं कार्यालय भवन एवं परिसर की सम्पूर्ण सफाई स्वयं अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण करेंगे ।

इसी दौरान दोपहर 1.30 बजे स्वच्छता पर निर्धारित शंपथ लेने का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाये ।

इस सम्बन्ध में लेख है कि आप अपने विभाग के अन्तर्गत / सम्बन्धित निगम / बोर्ड / संस्थाओं में भी उपरोक्त कार्यक्रमों का होना सुनिश्चित करावें ।

संलग्नः शपथ प्रारूप।

राज्यपाल की आज्ञा से

(अजीत कुमार सिंह)
प्रमुख शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिवगण / प्रमुख शासन सचिवगण / शासन सचिवगण

प्रमुख शासन सचिव

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छता शपथ

महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी।

महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आजाद कराया।

अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर कर के भारत माता की सेवा करें।

मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा।

हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान कर के स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा।

मैं न गंदगी करूंगा न किसी और को करने दूंगा।

सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरुआत करूंगा।

मैं यह मानता हूं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं।

इस विचार के साथ मैं गांव–गांव और गली–गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा।

मैं आज जो शपथ ले रहा हूं, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊंगा।

वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूंगा।

मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।'